मूल्य 1 रु.
वर्ष: 13 - अंक : 293, मुंबई, सोमवार, 15 जनवरी, 2024 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादक: दिलशाद एस. खान

दैनिक
# मुंबई हलचल ®
भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त
अब हर सच होगा उजागर




# मुंबई में एक्ट्रेस की बनाई मॉर्फ न्यूड फोटो, परिवार को भेजा



## रेप की दी धमकी

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** मुंबई के वर्सोवा पुलिस स्टेशन में एक एक्ट्रेस ने अज्ञात शख्स के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। शिकायत के मुताबिक, अज्ञात व्यक्ति ने 37 वर्षीय अभिनेत्री की मॉर्फ नग्न तस्वीर वायरल की और बलात्कार करने की धमकी दी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, एक्ट्रेस ने पुलिस को बताया कि 27 दिसंबर की शाम वह एक कॉफी शॉप में गई थीं। उसी वक्त एक दोस्त का फोन आया। दोस्त ने बताया कि कुलदीप द्विवेदी नाम के एक शख्स ने उन्हें एक्ट्रेस की मॉर्फ्ड न्यूड फोटो भेजी थी। आरोपी ने एक्ट्रेस की मॉर्फ्ड न्यूड फोटो उसके दोस्तों व कुछ परिजनों को भेजी है। **(शेष पृष्ठ 3 पर)**

# शिंदे सेना में जाते ही मिलिंद देवड़ा का कटाक्ष

## ‘30 साल पहले किया आर्थिक सुधार, अब कांग्रेस उद्योगपतियों को गाली देती है’



**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** मुंबई में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की मौजूदगी में पूर्व केंद्रीय मंत्री मिलिंद देवड़ा रविवार को शिवसेना में शामिल हुए। उन्होंने आज ही कांग्रेस पार्टी को अलविदा कहा था। मिलिंद देवड़ा के पिता मुरली देवड़ा कांग्रेस के बड़े नेता थे। शिवसेना (एकनाथ शिंदे) में शामिल होने के बाद मिलिंद देवड़ा ने कहा, ये मेरे लिए बेहद भावुक दिन है। मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं कांग्रेस छोड़ दूंगा। आज मैं शिवसेना में शामिल हो गया। **(शेष पृष्ठ 3 पर)**

### ‘नकारात्मक राजनीति में विश्वास नहीं करता’

बाद में पत्रकारों से बात करते हुए पूर्व कांग्रेस नेता देवड़ा ने कहा, मैं नकारात्मक राजनीति में विश्वास नहीं करता। मैं लोगों के लिए काम करने में विश्वास रखता हूं, लोगों को गाली देने, नकारात्मक राजनीति करने में मैं विश्वास नहीं करता... जिनके पास कोई एजेंडा, कोई कार्यक्रम नहीं है देश को आगे बढ़ाने के लिए वे नकारात्मक बातें करते रहें।

### पिक्चर अभी बाकी है- सीएम शिंदे

वहीं, शिवसेना प्रमुख एकनाथ शिंदे ने कहा, आज आपके (मिलिंद देवड़ा) मन में जो भावनाएँ हैं, वही भावनाएँ डेढ़ साल पहले मेरे मन में थीं। जब कोई निर्णय लेना होता है तो ऐसी परिस्थितियां उत्पन्न होती हैं। मैं डॉक्टर नहीं हूँ, फिर भी डेढ़ साल पहले ऑपरेशन किया था। हमें बिना किसी आरोप-प्रत्यारोप के अपना काम जारी रखना चाहिए। एक विद्वान संयमी नेता हमे मिला है.. ये तो ट्रेलर है पिक्चर अभी बाकी है।

# महाराष्ट्र में 8000 करोड़ का एंबुलेंस घोटाला!



## मंत्री के रिश्तेदार की भरी जेब, कांग्रेस का बड़ा आरोप

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** महाराष्ट्र में कांग्रेस ने बड़े भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है। कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया है कि सरकारी एंबुलेंस के 4000 करोड़ के टेंडर को बढ़ाकर 8000 करोड़ कर दिया गया है। एकनाथ शिंदे सरकार ने सरकारी एम्बुलेंस से पैसा कमाने का उद्योग शुरू किया है। जो राज्य भर में गरीब और जरूरतमंद मरीजों का सहारा थी। महाराष्ट्र विधानसभा में विपक्ष के नेता विजय वडेट्टीवार ने आरोप लगाया है कि राज्य सरकार ने मंत्री के रिश्तेदार और करीबी ठेकेदार की जेब भरने के लिए टेंडर को बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया है। सरकारी खजाने को लूटने का सरकारी कार्यक्रम धड़ल्ले से चल रहा है। उन्होंने बताया कि इस टेंडर को रोकने के लिए मुख्यमंत्री से पत्र के माध्यम से शिकायत करेंगे। **(शेष पृष्ठ 3 पर)**

# ‘बीजेपी ने देश का माहौल बिगाड़ दिया’

## इसका मकसद फूट डालो राज करो- शिवपाल यादव



**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** सपा नेता शिवपाल यादव ने बीजपी पर बड़ा हमला बोला है। मुंबई में समाजवादी पार्टी के उत्तरभारतीय सम्मेलन में पहुंचे शिवपाल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने देश का माहौल बिगड़ रखा है। इनका मकसद है फूट डालो राज करो। मोदी सरकार पर हमला बोलते हुए शिवपाल ने कहा कि ये सरकार देश की बड़ी संस्थाओं को सरकार बेच रही है और उसे अडानी-अंबानी को दिया जा रहा। देश का कर्ज बढ़ता जा रहा है। उन्होंने आगे कहा कि सुबह से शाम तक टीवी पर पीएम मोदी दिखाई देते हैं। वो देश को बर्बाद कर रहे हैं। हम पर फर्जी मुकदमे लगाए जा रहे हैं। **(शेष पृष्ठ 3 पर)**

### शंकराचार्य का अपमान सही नहीं

वहीं, भाजपा नेता नारायण राणे के शंकराचार्य वाले बयान पर शिवपाल ने कहा कि हमने कभी किसी भी संत महंत का अपमान नहीं किया। नारायण राणे ने शंकराचार्य का अपमान किया है, यह सही नहीं है। बीजेपी के नेताओं को ऐसी बात नहीं करनी चाहिए। हम हर धर्म के धर्म गुरुओं का सम्मान करते है। उनकी बात सुननी चाहिए।

## हमारी बात

### खड़गे: भरोसे का नाम!

**कांग्रेस** अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे न केवल कांग्रेस के लिए उपयोगी साबित हो रहे हैं, बल्कि विपक्ष के लिए भी भरोसे का चेहरा बने हैं। तभी अरविंद केजरीवाल से लेकर उद्धव ठाकरे सभी से सीटों के बंटवारे पर बात आगे बढ़ रही है। माना जा सकता है कि खड़गे यदि 'इंडिया' के अध्यक्ष बने तो विपक्ष 2024 का लोकसभा चुनाव कुछ राज्यों में कायदे से लड़ेगा। मैं विपक्ष की जीत की उम्मीद में नहीं हूं। लेकिन देश, राजनीति और लोकतंत्र से सरोकारों में मेरी चाहना है कि विपक्ष मजबूती से लड़े और उसे अच्छी संख्या में सीटें मिलें ताकि वह जिंदा रहे और लोकतंत्र सुरक्षित बने। भारत राष्ट्र-राज्य की एकता और अस्तित्व के लिए जरूरी है, जो मौजूदा सत्ता याकि नरेंद्र मोदी व भाजपा की रीति-नीति के विरोधियों का लोकतंत्र में विश्वास कायम रहे। यदि देश में पचास-पचपन प्रतिशत आबादी भाजपा के खिलाफ वोट देती है तो जरूरी है कि इन वोटों, समुदायों की आवाज, इनका प्रतिनिधित्व विधायिका में सम्मानजनक बना रहे! उस नाते 2024 का चुनाव खत्म होते विपक्ष के लिए आर-पार का है। ममता बनर्जी, नीतीश कुमार, शरद पवार, अरविंद केजरीवाल से अखिलेश यादव, मायावती, लेफ्ट फ्रंट सबके लिए यह चुनाव आखिरी है। यदि लोकसभा चुनाव में इनका पूरा सफाया (इसकी आंशका है) हुआ तो इन सभी विरोधी नेताओं का सियासी वजूद मिटेगा। भाजपा का सीट लक्ष्य चार सौ पार का है। और ऐसा होना बंगाल, पंजाब, दिल्ली, यूपी, बिहार, झारखंड, महाराष्ट्र में भाजपा की छप्पर फाड़ जीत से ही संभव है। इसलिए कांग्रेस और उसके अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का रोल अहम है। खड़गे की कमान में विपक्षी एलायंस में संजीदगी से सीट बंटवारे पर बात हो रही है। उनके कारण जहां कांग्रेस में समझदारी बनी है वही प्रदेश कांग्रेस नेताओं के किंतु-परंतु खत्म हुए हैं। उधर दूसरी पार्टियों के नेता भरोसे में हैं। कांग्रेस की सभी पार्टियों से प्रदेशवार बात हो रही है। कांग्रेस में अहमद पटेल की मृत्यु के बाद जो संकट था वह खत्म होता लगता है। हकीकत है कि अहमद पटेल के बाद राहुल गांधी, सोनिया गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा और पार्टी मुख्यालय एआईसीसी में राजनीतिक नेटवर्किंग, मेलजोल, संपर्क-संबंधों का ढर्रा बुरी तरह बिखरा। वैक्यूम बना। इसलिए भी क्योंकि राहुल गांधी अपनी धुन में अकेले और दो-तीन विश्वस्तों (जो बदलते रहे हैं) की नौकरशाही एप्रोच की राजनीति के अभ्यस्त हैं वही सोनिया गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा की अपनी सीमाएं हैं। इसलिए कांग्रेसियों में यह शिकायत आम है कि अध्यक्ष के घर-दफ्तर व एआईसीसी और राहुल-प्रियंका के घर-दफ्तरों में कार्यकताओं और शुभेच्छुओं के लिए एक्सेस तो मोदी-शाह के यहां से भी अधिक कठिन है। कांग्रेस का हर बड़ा नेता, प्रादेशिक क्षत्रप अपने आपको सर्वज्ञ नरेंद्र मोदी से कम सर्वज्ञ नहीं समझता है और लगातार चुनाव हारते जाने के बावजूद आलाकमान नेता अपने को राजनीति व चुनाव का ग्रैंडमास्टर समझते हैं।

# किन्नर समाज ने एसपी बिजनौर को किया सम्मानित

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**बिजनौर।** थाना नजीबाबाद में एक किन्नर ने दूसरे किन्नर को रास्ते से हटाने के लिए उसकी हत्या करने का षड्यंत्र रचा और इसके लिए उसने तीन लाख रु देकर बदमाशों द्वारा उसकी हत्या कराने का प्लान बनाया। ज्ञात हो कि नजीबाबाद क्षेत्र में हिना नाम के किन्नर को अपने रास्ते से हटाने के लिए नैना किन्नर ने बदमाशों को हत्या के करने के लिए 3 लाख रुपये दिये अब बदमाश एक बाग में बैठकर हत्या के योजना बना रहे थे किसी तरह पुलिस को पता लग गया नजीबाबाद पुलिस ने तुरंत एक्शन लेते हुए हत्या करने की साजिश रचने वालों को वारदात कर ने





से पहले ही दबोच लिया जिन के पास से पुलिस को अवेध हथयार भी बरामद हुए थे। पुलिस की वजह से हिना किन्नर की जान बच गई। बिजनौर एसपी जादौन यादव अपने कार्यक्षेत्र में बहुत सखती के साथ पुलिस को अलर्ट करते हुए काम कर रहे हैं जिससे उनकी चारों तरफ प्रशंसा हो रही है किन्नर समाज के लोगों भी उनके काम से प्रभावित होकर अपने एक साथी की जान बचाने में पुलिस की सराहना करते हुए एसपी बिजनौर के द्वारा किए जा रहे सही कार्य और दोषियों को सजा निर्दोषियों को मुक्ति व न्याय दिलाकर सही काम कर रहे हैं तोकिन्नर समाज के लोगों ने एसपी बिजनौर के कार्यालय में भेंट कर उन्हें सम्मानित किया और कहा कि जनता पर उनका आशीर्वाद बना रहने तथा उनकी लंबी आयु के लिए प्रार्थना करते हुए बुके पुष्प भेंट किए।

# एड. प्रतिभा पाटिल बनी क्राइम दस्तक ट्रस्ट की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**जलगाँव।** राष्ट्रीय स्तर संस्था क्राइम दस्तक ट्रस्ट(पंजीकृत) ने संस्था का विस्तार करते हुए एडवोकेट प्रतिभा पाटिल को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष (कानूनी प्रकोष्ठ) मनोनीत किया है। संस्था के डायरेक्टर एस.डी.चौबे के मुताबिक उक्त नवनियुक्त पदाधिकारी को शीर्ष कार्यकारिणी में शामिल किया गया है। जोकि महिलाओं के प्रति अत्याचार, शोषण व कानूनी सहायता संबंधी जानकारी समय -समय पर उपलब्ध



कराने का भी कार्य करेंगी। श्री चौबे ने सुश्री पाटिल को शुभकामनाएं भी दी है। राष्ट्रीय विधिक प्रकोष्ठ की राष्ट्रीय अध्यक्ष एड.स्मिता झालटे (कोली) ने बताया कि उनकी नियुक्ति से संगठन को मजबूती के साथ ही वंचित, गरीब, असहाय व जरूरतमंद लोगों को समय से न्याय मिल पाएगा।

इस अवसर पर राष्ट्रीय प्रभारी डॉ. गौतम तंवर, हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजू खान पटौदी, राष्ट्रीय सलाहकार सुरेश कुमार (पूर्व तहसीलदार), प्रदेश अधिकारी मास्टर महेन्द्रपाल जांगड़ा (हरियाणा) मीडिया इंचार्ज भाऊ साहेब सोनवाने (महाराष्ट्र)मंगल बी.पाटिल, जगन्नाथ बाविस्कर, तुषार सैंदाणे, निरंजन वाणी, एड. योगेश पाटिल (नाशिक), जिला अध्यक्ष सुधीर धूरिया (नागपुर), जिला अध्यक्ष गणेश पाटिल (गुजरात), एड. विनोद पाटिल(सूरत), मिलिंद गाडेकर (नागपुर), स्वामी पाटिल (जलगाँव), राजू सुतार व सुधाकर कपूरे ने भी नियुक्ति पर बधाई दी है। उक्त जानकारी जिला संपर्क अधिकारी वंदना सपकाले ने दी।

## बिस्फी प्रखंड के बरदाहा में जमाते इस्लामी हिंद की ओर से कप कपाती ठंड को देखते हुए 241 गरीबो में कंबल वितरण किया गया

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मधुबनी।** बिस्फी प्रखंड के बरदाहा मे जमाते इस्लामी हिन्द की ओर से कप कपाती ठंड को देख 214 गरीबों मे कम्बल वितरण किया जिसकी अध्यक्षता पूर्व मुखिया मो. सालेहीन ने की मुख्य अतिथि आतिफ जिलानी अम्बर ने कहा की मधुबनी मे पैहला ऐसा संगठन है जो जात पात से उपर उठ कर वर्षो बिना भेदभाव के लोगों की सेवा कर रही है इस के लिए मै संगठन के सभी साथी को बधाई देता हुँ और आगे भी करते रहे यही मेरी कामनाएँ हैं सब से बारी बात ये है की जमाते इस्लामी हिन्द पिछले 10 साल से गरीबों की सेवा करती आरही है जमाते इस्लामी हिन्द के अध्यक्ष



मो. गीलेमान ने बताया की इस की आस्थापना 1992 मे की गई तभी से बिना भेदभाव के सभी जाती धर्म के लोगो का सेवा कर रही है वही उन्होंने कहा की जमाते इस्लामी हिन्द का मकसद है गरीब पीड़ित लोगों की सेवा करना है चाहे किसी जाती धर्म का हो वही रविंद्र कुमार ठाकुर ने कहा की मै जमाते इस्लामी हिन्द को बधाई देता हुँ की इस मे ना हिन्दू है नहीं मुस्लिम है सिर्फ सिर्फ मानव और इंसानियत है आज देश मे जो लोग हिन्दू मुस्लिम के नाम पर समाज मे नफरत फैला के बाँटने का काम करता है उस को जमाते इस्लामी हिन्द से भाईचारा एवं सदभावना एकता पाठ सीखना चाहिए यह कार्य कल्लियंकारी कार्य है इस मोके पर इफ़्तेखार आजम,पंचायत के मुखिया पति गणेश दास, पूर्व मुखिया निरंजन पासवान, लक्ष्मी सहनी, मौजे साह, भूषण मिश्र,मो. एजाज, मंजर आलम सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक-**दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व),मुंबई-68 से मुद्रित व मुंबई हलचल,साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी-2-301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर, एस वी रोड,मालाड (प ) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन:**9619102478 /9821238815**
email: mumbaihalchal@gmail com संपादकः **दिलशाद एस खान,** समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

# फुटपाथ के अतिरिक्त सड़कों पर भी धंधा
# स्वयं मनपा ने भी किया इसे गंदा





**मुंबई हलचल/जी ए खान**

**मुंब्रा/ठाणे।** अमृत नगर मुंब्रा शहर की दशा बिगाड़ने में फेरीवाले के अतिरिक्त स्वयं महानगरपालिका का नकारात्मक योगदान भी यहां उल्लेखनीय है। नगर की एकमात्र इस सीधी सड़क को भी अतिक्रमण के द्वारा संकुचित किया गया है जिस कारण ट्राफिक की समस्या सुधरने का नाम भी नहीं ले सकती है। फेरीवाले फुटपाथ से आगे अब सड़कों पर भी कब्जा जमा चुके हैं, साथ ही साथ स्वयं मनपा अपना भंगार भी सड़क पर डाल कर नियम एवं कानून का उल्लंघन करते हुए इसका मजाक भी उड़ा रही है। इस भंगार की आड़ लेकर अवैध पार्किंग तथा विभिन्न धंधे वालों को खुली छूट दी गई है। यह सारा मामला अति दुर्भाग्यपूर्ण है, इस अंधेर गर्दी पर धार्मिक और राजनीतिक नेताओं की चुप्पी भी कम संदेहास्पद नही, इसके अतिरिक्त इसी भंगार से बीस मीटर की दूरी पर पुलिस चौकी भी अतिक्रमण के द्वारा बनाई गई है जिसका काम मामला के निपटारा करने से अधिक अर्थ व्यवस्था पर ही केंद्रित रहता है। मुंबई हलचल की सर्वेक्षण के अनुसार यदि नाले पर मजबूत सीमेंट की स्लैब डाल कर इस सारे उद्योग को विस्थापित किया जाये तो सड़क बिलकुल ही अतिक्रमण के शाप से मुक्त हो सकता है।

## पुलिस बल की उपस्थिति-फिर भी अराजक स्थिति

**मुंबई हलचल/शोएब म्यानुंर**



**मुंब्रा/ठाणे।** अमृत नगर मुंब्रा शहर की दशा एवं दिशा बिगाड़ने में जन-समुदाय, फेरीवाले के अतिरिक्त पुलिस बल भी अपनी नकारात्मक भूमिका निभाने में व्यस्त है जिसका जीता जागता ठोस सबूत यहां प्रस्तुत किया जा रहा है। स्थिति को भयावह बनाने का दोष सभी समुदायों एवं सरकारी संस्थाओं पर भी डाली जाएगी कि किस प्रकार यह लोग शहर एवं इसके मुख्य मार्ग की सूरत बिगाड़ने में व्यस्त हैं। छाया चित्र एक स्थानीय मस्जिद के सामने की है, जहां लोग शुक्रवार की नमाज अदा करने के बाद सड़कों पर ही खरीदारी करने में व्यस्त हैं तथा पुलिस बल मात्र मूक दर्शक बना खडा है जो कि अंत में अपना प्रसाद लेकर चल देगा। और स्थिति पहले की तरह राम भरोसे ही रहेगी।

## मालवणी पुलिस ने ड्रग्स फैक्ट्री का किया पर्दाफाश

## 1 करोड़ की ड्रग्स के साथ आरोपी गिरफ्तार, यूट्यूब में देखकर बनाता था ड्रग्स

**मुंबई हलचल/शोएब म्यानुंर**



**मुंबई।** मुंबई के मलाड मालवणी पुलिस की दबंग कार्रवाई से एक ड्रग्स फैक्ट्री पर्दाफाश किया गया आरोपी नुर आलम को मालवणी पुलिस ने गिरफ्तार किया मुंबई के डीसीपी झोन 11 के डीसीपी ओफिसर अजय कुमार बंसल ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया की मालवणी पोलिस स्टेशन के पोलिस अधिकारी निलेश साळुंके और उनकी टीम ने 5 जनवरी 2024 को मलाड मालोनी से अबरार इब्राहिम शेख उम्र 30 साल को गिरफ्तार किया जिसके बाद कांदिवली के एक घर में जहां ड्रग्स बनाई जाती थीं वहां से नुर आलम मूहबुब आलम चौधरी उम्र 24 साल को 10 जनवरी 2024 को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी नुर आलम एक डॉक्टर है और उसने यूट्यूब पर देखकर ड्रग्स बनाने का काम शुरू किया इस में और भी लोगों की जुड़े होने की संभावना है और बहुत जल्द गिरफ्तारी हो सकती है। फिलहाल अभी पुलिस टीम कार्रवाई कर रही है। आरोपी के पास से पुलिस ने 5000 की एम डी ड्रग्स, 100 थिनर की बोटल कीमत 7000 रुपए, मेफेड्रोन एम डी ड्रग्स 1 लाख 60 हजार की कुल मिलाकर 1 करोड़ 17 लाख 60 हजार का मुद्दा माल जप्त किया गया है और आगे की जांच मालोनी पुलिस की टीम कर रही है।

### (पृष्ठ 1 का समाचार)

**शिंदे सेना में जाते ही मिलिंद देवड़ा का कटाक्ष**

मिलिंद देवड़ा दक्षिण मुंबई लोकसभा सीट से दो बार सांसद रहे है। उन्होंने कहा, ₹मुझे सुबह से बहुत सारे फोन आ रहे हैं कि मैंने कांग्रेस पार्टी से अपने परिवार का 55 साल पुराना रिश्ता क्यों तोड़ा... मैं सबसे चुनौतीपूर्ण दशक के दौरान पार्टी के प्रति वफादार रहा... दुर्भाग्य से आज की कांग्रेस 1968 और 2004 की कांग्रेस से बहुत भिन्न है। यदि कांग्रेस और यूबीटी ने रचनात्मक, सकारात्मक सुझावों और योग्यता, क्षमता को महत्व दिया होता, तो आज एकनाथ शिंदे और मैं यहां नहीं होते। एकनाथ शिंदे को एक बड़ा फैसला लेना पड़ा, मुझे एक बड़ा निर्णय लेना पड़ा। देवड़ा ने कहा, भारत में केंद्र और राज्यों में एक मजबूत सरकार की जरूरत है। यह हम सभी के लिए गर्व की बात है कि पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत आज मजबूत है... देश की आर्थिक स्थिती मजबूत है... पिछले 10 वर्षों में मुंबई में एक भी आतंकी हमला नहीं हुआ है। यह मुंबईकरों के लिए एक बड़ी उपलब्धि है।

**महाराष्ट्र में 8000 करोड़ का एंबुलेंस घोटाला!**

कांग्रेस नेता वडेट्टीवार ने कहा, राज्य में एंबुलेंस महाघोटाला सामने आया है। 8 हजार करोड़ का यह घोटाला है। सात दिन के शॉर्ट नोटिस पर टेंडर निकाली गई। 4000 करोड़ के काम को 8000 करोड़ का बताया जा रहा। इसमें मंत्रियों के रिश्तेदारों को काम मिला है। विजय वडेट्टीवार ने दावा किया कि सरकार ने खुद यह काम एक ऐसे ठेकेदार को देने की कोशिश की है जो सरकार में कुछ नेताओं का पक्षधर है। गरीब मरीजों के लिए बनी इस योजना के टेंडर में आठ हजार करोड़ के बड़े घोटाले की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता है। सरकार अधिकारियों पर दबाव बनाकर ऐसा काम कर रही है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा, केंद्रीय सतर्कता आयोग के नियमों के अनुसार, ठेकेदारों को निविदाओं के लिए प्रतिस्पर्धा करनी चाहिए और काम की गुणवत्ता समान होनी चाहिए। इसके लिए टेंडर की अवधि कम से कम 21 दिन होनी चाहिए। जिससे ठेकेदार भाग ले सकें। लेकिन इन नियमों को दरकिनार कर 7 दिन में टेंडर जारी कर दिया गया। इसलिए इस घोटाले की जांच होनी चाहिए।

**'बीजेपी ने देश का माहौल बिगाड़ दिया'**

हमारे नेता आजम खान के पूरे परिवार को जेल में रखा गया है। ईडी, सीबीआई अबू आजमी को भी धमका रही है। उनके यहां छापे पड़ रहे हैं। कुछ दिन हम भी बीजेपी के साथ थे। उनके बारे में हम अच्छी तरह से जानते हैं। वहीं, इंडिया गठबंधन को लेकर शिवपाल ने कहा कि इंडिया गठबंधन का जो भी संयोजक बनेगा वह पार्टी मीटिंग में तय किया जाएगा। हम सब साथ हैं। बीएसपी के गठबंधन में शामिल करने को लेकर उन्होंने कहा कि मायावती पहले बीजेपी से दूरी बनाए फिर उन्हें इंडिया गठबंधन पर लेने का विचार होगा।

**मुंबई में एक्ट्रेस की बनाई मॉर्फ न्यूड फोटो**

आरोपी ने रेप की धमकी भी दी। इन सभी घटनाओं के बाद एक्ट्रेस ने पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई। अभिनेत्री की शिकायत पर वसोर्वा पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ आईपीसी की धारा 506 और आईटी की धारा 67 और 67ए के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। मामले की आगे की जांच जारी है। अभिनेत्री ने मॉर्फ्ड फोटो का स्क्रीनशॉट पुलिस को दिया है। इसको लेकर 7 जनवरी को ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई गयी।

# मेरा भारत विकसीत भारत @ 2047 (वकृत्व स्पर्धा) का सफल आयोजन

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** मेरा भारत विकसीत भारत @ 2047 (वकृत्व स्पर्धा) नेहरु युवा केंद्र मुंबई इनके माध्यम से दिनांक १०/०१/२०२४ को सुबह ११ से श्याम ०४ बजे पब्लिक हायस्कूल एव ज्युनियर कॉलेज हिंद नगर, आराम सोसायटी, वाकोला मार्केट, सांताक्रूझ (ई) मुंबई-५५, यहां आयोजीत कीया गया इस प्रोग्राम को विशेष रूप से N.Y.K. D.Y.O श्री नीशांत रौतेला सर, N.Y.K.S झोनल डायरेक्टर श्री प्रकास मनोरे, सर श्री मदन, सर श्री संजय सर, ज्योती राणी मॉडम, मुंबई हलचल के संपादक श्री दिलशाद खान, प्राध्यापक सर श्री राकेश दुबेजी. सहयोगी टीचर,राजेश सर,जोशफ सर, आशा मॉडम सर श्री प्रशांत जाधव, सर दिनेश शिंदे श्री माऊली शक्ती फाऊंडेशन, श्री युवा शक्ती वालेंन्टर, पबलीक कॉलेज वालेंन्टर सफल हुआ।




# ईवीएम मशीन के बजाय बैलट पेपर से मतदान की प्रक्रिया को बढ़ाया जाए

## वंचित बहुजन आघाडी जिला अध्यक्ष गणेशभाऊ चौकसे की मांग

**मुंबई हलचल/अशफाक युसुफ**

**बुलढाणा।** ईव्हीएम के बजाय बैलट पेपर के जरिए वोटिंग करने के लिए 31 जनवरी 2024 तक समय सीमा दिया जाए (राजपत्र अधिसूचना संख्या 211 के अनुसार) इसके लिए वंचित बहुजन अघाड़ी के जिला अध्यक्ष गणेशभाऊ चौकसे ने 9 जनवरी को एक निवेदन देकर मांग की है। यह मांग उच्च स्तरीय समिति एवं सचिव नेशन वन इलेक्शन नई दिल्ली को भेजे गए ज्ञापन के माध्यम से की गई है।निवेदन में उल्लेख किया गया है के आपके कार्यालय के सरकारी सार्वजनिक नोटिस 2 दिसंबर 2023 अधिसूचना के अनुसार नियम एवं शर्तें समिति के गठन, उच्च न्यायालय प्रशासनिक ढांचे के निर्माण के संबंध में चुनाव अधिनियम के तहत नोटिस अंग्रेजी अखबार में दी गई। भारत के नागरिकों से आह्वान करते हुए सार्वजनिक नोटिस के अनुसार,



बैलट पेपर के माध्यम से मतदान के पत्र से निपटने की तारीख 15 जनवरी 2024 बहुत कम समय है। क्यू के महाराष्ट्र के आम लोगों तक नहीं पहुंच पाया और स्थानीय भाषा में नहीं होने के कारण ग्रामीण इलाकों में 90 प्रतिशत लोगों तक नहीं पहुंच पाया। नागरिक भ्रमित हैं। साथ ही भारतीय नागरिकों के अधिकारों के लिए समय के अभाव में पारदर्शिता लाने के उद्देश्य से इसे पूरे भारत में कलेक्टर कार्यालय के माध्यम से स्थानीय समाचार पत्र में प्रकाशित किया जाना चाहिए ताकि नागरिक अपनी राय व्यक्त कर सकें और संविधान ने दिए गए अधिकारों का पूर्ण रूप से पालन कर सकें। वंचित बहुजन अघाड़ी के जिला अध्यक्ष गणेशभाऊ चौकसे ने भी निवेदन में जिक्र किया है। उक्त निवेदन की प्रति वंचित बहुजन आघाडी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट बालासाहब अम्बेडकर, प्रो. अंजलिताई आबेडकर, बहुजन आघाडी प्रदेश अध्यक्ष रेखाताई ठाकुर को भेजी गई हैं।

# मुस्लिम महासभा के अध्यक्ष के इंतकाल पर मुस्लिम समाज में शोक

**मुंबई हलचल/सैय्यद अलताफ हुसैन**

**राजसमंद।** मुस्लिम महासभा कांकरोली के अध्यक्ष सैय्यद अशरफ अली के इन्तकाल पर पूरे राजसमन्द जिले के मुस्लिम समाज मे शोक रहा, प्राप्त जानकारी के अनुसार राजसमन्द जिला अन्जुमन कमेटी के एडवोकेट सराफत हुसैन फौजदार द्वारा बताया गया कि सैय्यद अशरफ अली के असामयिक इन्तकाल पर मुस्लिम समाज गमगीन है उनके रहते हुए कई सामाजिक विकास कार्य करवाए हैं, मुस्लिम महासभा के जाफर खान फौजदार, ईस्माइल खान,



सदाकत खान, वहीद खान, मजीद खान, मुस्ताक खान,मुस्लिम महासभा राष्ट्रीय प्रमुख फरहीन यूनुस शैख, सलमा खान,रेहाना खान, असलम खान, आजाद खान, मोइन खान,सैय्यद चाँद अली,सैय्यद अख्तर अली,सैय्यद इश्तियाक अली, सैय्यद इम्तियाज अली, इरशाद खान,इल्फान खान आदि गमजदा ने कहा कि मुस्लिम महासभा के अध्यक्ष रहते हुए अनेको विकास कार्य किये, सैय्यद साहब हिन्दू मुस्लिम सभी के अच्छे मिलनसार व्यक्ति थे जिनका आज प्रातः 10 बजे सलुस रोड़ स्थित नमाज ऐ जनाजा अदा हुई एवम सुपुर्द ऐ खाक किया गया जिसमें सेंकडो हिन्दू मुस्लिम सामिल हुए,ऐसे असामयिक मृत्यु पर मुस्लिम समाज के लिए ये खबर बहुत दुःखद है।

## मुइज्जू राष्ट्रपति बनने से पहले थे माले के मेयर, समर्थक शकूर को मिली करारी हार

# भारत से पंगा लेना मुइज्जू को पड़ा भारी मेयर चुनाव में जीत गए भारत समर्थक

राजधानी ने 58 दिन के अंदर राष्ट्रपति मुइज्जू और उनकी नीतियों को न कह दिया है। उनके समर्थक माले का मेयर चुनाव हार गए।

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू को एक और झटका लगा है। राजधानी माले के मेयर चुनाव में उनकी पार्टी के प्रत्याशी ऐशथ अजीमा शकूर चुनाव हार गए हैं। मुइज्जू राष्ट्रपति बनने से पहले यहां के मेयर थे। इस चुनाव में भारत-समर्थक विपक्षी दल एमडीपी उम्मीदवार आदम अजीम ने प्रचंड जीत हासिल की। अजीम ने मुइज्जू की अगुवाई वाले प्रतिद्वंद्वी दल पीएनसी की ऐशथ अजीमा शकूर को हराया। राजधानी ने महज 58 दिन के अंदर राष्ट्रपति मुइज्जू और उनकी नीतियों को न कह दिया है। वह धनगेठी संसदीय क्षेत्र के प्रतिनिधि भी हैं।

**खास बातें**

- मुइज्जू 5 दिवसीय यात्रा पर गए थे चीन
- मालदीव मीडिया ने इस जीत को बताया 'प्रचंड'
- राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू को एक और बड़ा झटका लगा





### राष्ट्रपति मुइज्जू बोले- 15 मार्च तक हटाएं भारतीय सैनिक

मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने एक बार फिर से भारत के खिलाफ सख्त तेवर दिखाए हैं। चीन से लौटते ही मुइज्जू ने कह दिया है कि भारत 15 मार्च से पहले मालदीव से अपने सैनिकों को हटा लें। रविवार को मीडिया से बात करते हुए मालदीव के प्रेसिडेंट ऑफिस के प्रवक्ता अब्दुल्ला नजीम इब्राहिम ने कहा कि भारतीय सैनिक मालदीव में नहीं रह सकते। मालदीव में फिलहाल 88 भारतीय सैनिक मौजूद हैं। मालदीव और भारत ने सैनिकों की वापसी पर बातचीत के लिए एक उच्च स्तरीय कोर ग्रुप का गठन किया है। माले में विदेश मंत्रालय में बैठक की। इसमें भारतीय उच्चायुक्त मुनु महावर भी शामिल हुए। नाजिम ने कहा कि बैठक का एजेंडा 15 मार्च तक सैनिकों को वापस बुलाने का बोला है। था।

### इंडिया आउट कैंपेन से सत्ता

*बता दें कि मोहम्मद मुइज्जू मालदीव की सत्ता में 'इंडिया आउट' अभियान के जरिए आए थे। उनके राष्ट्रपति बनने के बाद भारत और मालदीव के संबंधों में अच्छा-खासा तनाव आया है। उनके कुछ मंत्रियों ने प्रधानमंत्री मोदी पर अपमानजनक टिप्पणी की थी जिसके चलते भारत में मालदीव विरोधी माहौल बना हुआ है।*

### 5303 वोटों के साथ भारी बढ़त

54,680 योग्य मतदाताओं में से लगभग 17,000 ने मतदान किया था। सत्ताधारी पार्टी नेशनल कांग्रेस की उम्मीदवार आयशा अजीमा शकूर को हार का सामना करना पड़ा। चुनाव में कुल 41 बक्सों की गिनती के बाद अजीम ने 5303 वोटों के साथ भारी बढ़त बना ली थी। मुइज्जू की पीपुल्स नेशनल कांग्रेस की उनकी प्रतिद्वंद्वी ऐशथ अजीमा शकूर को 3,301 वोट मिले।

# यूएनएससी में भारत के साथ ब्राजील को किया जाए शामिल

## बेल्जियम के पूर्व पीएम ने मोदी की तारीफ की



**कोलकाता।** बेल्जियम के पूर्व प्रधानमंत्री यीव लटार्म ने भारत को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) का स्थायी सदस्य बनाए जाने की वकालत की। उन्होंने कहा कि भारत को स्थायी सदस्य बनाने से प्रतिनिधित्व में बढ़ोतरी होगी। यूएनएससी को 21वीं सदी की वास्तविकताओं के अनुरूप ढलने की आवश्यकता है। उन्होंने पीएम मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि देश ने बहुपक्षीय परिदृश्य में मजबूत स्थिति बना ली है। लटार्म ने संपर्क सुविधा की नयी पहल 'भारत पश्चिम एशिया यूरोप आर्थिक गलियारे' की सराहना की और उसे चीन की 'बेल्ट एंड रोड' पहल का पूरक बताया। लटार्म ने स्थायी सदस्यता के लिए भारत की दावेदारी का समर्थन किया।




Under the aegis of Guru Kundanlal Gangani Foundation established by Guru Pt. Rajendra Kumar Gangani, we are organising Nitya Arpan festival which will showcase a group Kathak recital by our dance troupe Kalavarna and Pranamamyaham by Shri Dheerendra Tiwari ji.

**Ticket link: https://tikkl.com/gkgfoundation**

Date: 20th January, 2024
Time: 7:15 pm
Venue: PLD Deshpande Auditorium, Dadar, Mumbai
Hope you can bless us with your presence.
Please let me know in case of any queries
Sakshi Damani

# भारत भविष्य की अनिश्चितताओं का सामना करने में सक्षम: एमपीसी सदस्य वर्मा

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) के सदस्य जयंत आर वर्मा ने कहा है कि भारतीय अर्थव्यवस्था ने पिछले कुछ वर्षों में सभी भू-राजनीतिक झटकों का मजबूती से सामना किया है और यह आगे आने वाली अनिश्चितताओं से भी निपटने में सक्षम होगी।

- चीन में जारी सुस्ती के कारण ऊर्जा और अन्य वस्तुओं की मांग घटी

वर्मा ने कहा कि उन्हें 2024 में अच्छे नतीजों की उम्मीद है, जब मुद्रास्फीति कम होगी और वृद्धि मजबूत रहेगी वर्मा ने कहा, 'भारतीय अर्थव्यवस्था ने पिछले कुछ वर्षों में सभी झटकों (रूस-यूक्रेन युद्ध, इज़राइल-हमास युद्ध, तेल की बढ़ती कीमतों) का मजबूती से सामना किया है और मुझे नहीं लगता कि आने वाले महीनों में भू-राजनीतिक स्थिति बहुत खराब होगी।

## भू-राजनीतिक झटकों का भारत ने किया सामना

### खाद्य कीमतों में बढ़ोतरी क्षणिक झटका

वर्मा ने कहा, 'मुझे उम्मीद है कि मुद्रास्फीति लक्ष्य की ओर नीचे आएगी (क्षणिक खाद्य कीमतों में बढ़ोतरी के अलावा)।' उन्होंने कहा कि पिछले साल खाद्य कीमतों में बढ़ोतरी क्षणिक झटका थी जिसे जल्द सुधार लिया गया।

### भारत अनिश्चितताओं से निपटने में सक्षम

भारतीय प्रबंध संस्थान-अहमदाबाद (आईआईएम-अहमदाबाद) के प्रोफेसर वर्मा ने कहा कि चीन में जारी सुस्ती के कारण ऊर्जा और अन्य वस्तुओं की मांग में भारी गिरावट आई है। उन्होंने कहा, 'कुल मिलाकर मुझे पूरा विश्वास है कि भारत आगे आने वाली अनिश्चितताओं से निपटने में सक्षम होगा।'



### अर्थव्यवस्था 7.3 फीसदी की दर से बढ़ेगी

भारत की अर्थव्यवस्था के चालू वित्त वर्ष में 7.3 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान है। 2022-23 में भारतीय अर्थव्यवस्था 7.2 प्रतिशत की दर से बढ़ी थी। अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) के विश्व आर्थिक परिदृश्य के अनुसार, वैश्विक वृद्धि 2022 के 3.5 प्रतिशत से घटकर 2023 में तीन प्रतिशत और 2024 में 2.9 प्रतिशत रहने का अनुमान है।

### मुद्रास्फीति कम होगी

लाल सागर और भूमध्य सागर को हिंद महासागर से जोड़ने वाला एक महत्वपूर्ण मार्ग, बाब-अल-मंडेब जलडमरूमध्य के आसपास की स्थिति यमन स्थित हुती विद्रोहियों के हालिया हमलों के कारण खराब हो गई है।

एमपीसी सदस्य 2024 के लिए मुद्रास्फीति पर अपने दृष्टिकोण के बारे में पूछे जाने पर कहा कि उन्हें एक अच्छे परिणाम की उम्मीद है जहां मुद्रास्फीति कम होगी और वृद्धि मजबूत होगी।

# अंतर विद्यालय आर्चरी प्रतियोगिता डीपीएस कोल्लूर हैदराबाद में 19 व 20 जनवरी को

**मुंबई हलचल/सैय्यद अलताफ हुसैन**

**हैदराबाद।** संगारेड्डी के कोल्लूर में अवस्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल कोल्लूर में गत 19 और 20 जनवरी को अंतर विद्यालय आर्चरी प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। इसकी जानकारी देते हुवे टीकेडी के मुख्य प्रशिक्षक मो. जहांगीर ने बताया कि इस प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों के 13 दिल्ली पब्लिक स्कूल के 105 छात्र छात्राए भाग ले रहे है जिसमें डीपीएस नावी मुंबई, डीपीएस नाचाराम, डीपीएस घाट केशर, डीपीएस मियां पुर, डीपीएस मनावाला अमृतसर, डीपीएस न्नादेर गुल, डीपीएस विद्या सागर, डीपीएस गया, डीपीएस जम्मू, डीपीएस हैदराबाद, डीपीएस विशाखापत्तनम, डीपीएस बैंगलोर (ईस्ट), डीपीएस रानीपुर हरिद्वार तथा डीपीएस कोल्लूर हैदराबाद है, डीपीएस कोल्लूर के आर्चरी मुख्य प्रशिक्षक बंडी स्वामी के देख रेख में यह प्रतियोगिता होगी तथा दिशा निर्देशन दिल्ली पब्लिक स्कूल कोल्लूर की प्रधानधीपिका सीजे वासंता तथा महासचिव पवन कल्याण की होगी।



दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

उत्तराखंड हलचल

# शिक्षा विभाग में दस हजार पदों पर होगी भर्ती: डॉ. धन सिंह रावत

**मुंबई हलचल/ वैभव पेटवाल**

**उत्तराखंड।** सूबे में विद्यालयी शिक्षा विभाग के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में विभिन्न संवर्ग के दस हजार पदों को भरने का लक्ष्य रखा गया है। जिसकी कसरत विभागीय अधिकारियों ने शुरू कर दी है। प्राथमिक शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा व समग्र शिक्षा के अंतर्गत विभिन्न संवर्ग के इन रिक्त पदों को भरने के लिये उच्च स्तर से दिशा-निर्देश भी जारी कर दिये गये हैं। सूबे के विद्यालयी शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने आज विद्यालयी शिक्षा निदेशालय देहरादून में विभागीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। जिसमें उन्होंने प्राथमिक शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा एवं समग्र शिक्षा के अंतर्गत विभिन्न संवर्गों के रिक्त पदों का विवरण अधिकारियों से तलब किया। डा. रावत ने बताया कि विद्यालयी शिक्षा के अंतर्गत बेसिक से लेकर माध्यमिक तक लगभग 10 हजार पद रिक्त हैं जिनको वित्तीय वर्ष 2024-25 में भरने का निर्णय लिया गया है। इसके लिये विभागीय अधिकारियों को रिक्त पदों की सेवा नियमावली के अनुरूप भर्ती प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दे दिये गये हैं ताकि प्रदेश के अधिक से अधिक बेरोजगारों को रोजगार दिया जा सके। उन्होंने बताया कि अकेले भारत सरकार के सहयोग से संचालित समग्र शिक्षा के अंतर्गत प्रदेश भर में विभिन्न श्रेणी के 1580 रिक्त हैं, जिनमें बीआरपी-सीआरपी के 955 पद, रिसोर्स पर्सन आई0ई0डी0 161 तथा लेखाकार कम सर्पोटिंग स्टॉफ के 363 पदों भरे जाने हैं जिन पर भर्ती प्रक्रिया गतिमान है। इसी प्रकार माध्यमिक शिक्षा के अंतर्गत प्रवक्ता के 613 व सहायक अध्यापक एलटी के 1595 पदों का अधियाचन आयोग को भेजा जा चुका है, जिन पर शीघ्र भर्ती प्रक्रिया शुरू होनी है जबकि प्राथमिक शिक्षा के अंतर्गत लगभग 3604 प्राथमिक शिक्षकों के पद रिक्त हैं जिनमें से 1250 पदों का अधियाचन अधिनस्थ सेवा चयन आयोग को भेजा जा चुका है जबकि शेष 2354 पदों पर भी भर्ती प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दे दिये गये हैं।



विद्यालयी शिक्षा मंत्री ने बताया कि इसी क्रम में चतुर्थ श्रेणी के लगभग 2500 पदों पर आउट सोर्स के माध्यम से भर्ती की जायेगी, जिसके लिये जैम के माध्यम से आउटसोर्स एजेंसी की चयन प्रक्रिया गतिमान है। चतुर्थ श्रेणी के पदों पर संबंधित ब्लॉक के अभ्यर्थियों को ही मौका दिया जायेगा, इसके लिये अभ्यर्थियों का पंजीकरण संबंधित जनपद के सेवा योजना कार्यालय में होना आवश्यक है। डॉ. रावत ने बताया कि शिक्षा विभाग के अंतर्गत कनिष्ठ सहायक के रिक्त 105 पदों पर मृतक आश्रितों को नियुक्ति दी जायेगी। इसके अलावा बैठक में डा. रावत ने विभागीय बजट, कलस्टर विद्यालय, पीएम-श्री स्कूल एवं डी श्रेणी में चयनित विद्यालय भवनों के निर्माण संबंधी प्रगति की भी समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वर्तमान वित्तीय वर्ष हेतु निर्माण कार्यों एवं अन्य मदों में स्वीकृत बजट को शत-प्रतिशत खर्च किया जाय। बैठक में अपर सचिव विद्यालयी शिक्षा रंजना राजगुरू, एम.एम. सेमवाल, निदेशक प्राथमिक शिक्षा आर.के. उनियाल, निदेशक माध्यमिक एम.एस. बिष्ट, वित्त नियंत्रक गुलफाम अली, अनु सचिव शिक्षा विकास श्रीवास्तव, प्रेम सिंह राणा, संयुक्त निदेशक पदमेन्द्र सकलानी, स्टॉफ ऑफिसर शिक्षा बी.पी. मंदोली सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# पचास पव्वे अवैध देशी शराब के साथ लक्सर पुलिस ने एक आरोपी किया गिरफ्तार

**मुंबई हलचल/ संवाददाता**

**लक्सर।** माननीय मुख्यमंत्री उत्तराखंड द्वारा ड्रग्स फ्री देवभूमि 2025 के संकल्प के तहत जनपद को नशा मुक्त करने में नशे के (अवैध शराब/चरस/गांजा आदि) तस्करों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में एसएसपी हरिद्वार के नेतृत्व में थानाध्यक्ष लक्सर द्वारा दिये गये दिशा निर्देशों के साथ, नशा मुक्त अभियान के अन्तर्गत थाना लक्सर क्षेत्र में पुलिस टीमों का गठन कर लगातार चैकिंग अभियान चलाया जा रहा है। गठित पुलिस टीम द्वारा 11जनवरी को पुलिस टीम द्वारा एक आरोपी को 50पव्वे अवैध देसी शराब के साथ बहालपुरी के पास से चैकिंग करते हुए एक संदिग्ध व्यक्ति /वाहन ,गस्त के दौरान मुखबिर द्वारा दी गई सूचना के आधार पर गिरफ्तार किया गया।उक्त व्यक्ति से नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम गौतम पुत्र ईश्वर निवासी ग्राम बहालपुरी थाना कोतवाली लक्सर जिला हरिद्वार बताया। उक्त आरोपी से अवैध शराब बिना लाइसेंस के बरामद होने पर उक्त के विरूद्ध थाना लक्सर पर 60 आबकारी अधिनियम मे मुकदमा पंजीकृत कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।




# मंत्री जोशी ने किया सैन्यधाम स्थल के निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण

**मुंबई हलचल/ वैभव पेटवाल**

**देहरादून।** सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने शुक्रवार को देहरादून स्थित गुनियाल गांव में सैन्यधाम निर्माण स्थल का निरीक्षण किया। सैनिक कल्याण मंत्री ने सैन्यधाम निर्माण के निर्माण कार्यों को दिन रात कार्य करने तथा लेबर बढ़ाने के भी अधिकारियों को निर्देशित किया गया। सैनिक कल्याण मंत्री ने अधिकारियों को निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्य पूर्ण करने के भी अधिकारियों को निर्देशित किया। सैनिक कल्याण मंत्री ने मीडिया में जारी बयान देते हुए कहा सैन्य धाम का निर्माण कार्य लगभग 65 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है और शेष कार्य भी जल्द पूर्ण कर लिया जाएगा। मंत्री गणेश जोशी ने कहा शहीद सम्मान यात्रा के बाद भी उत्तराखण्ड के कई जवान शहीद हुए हैं। उन्होंने अधिकारियों को शहीद सम्मान यात्रा के बाद भी शहीद हुए शहीदों के नाम के आंकड़ा तैयार करने के भी अधिकारियों को निर्देशित किया गया। सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने कहा यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की परिकल्पना और प्रदेश सरकार का ड्रीम प्रोजेक्ट है जल्द ही निर्माण कार्य पूर्ण होगा और यह पंचम धाम सैन्य धाम वीर नारियों, वीर माताओं और प्रदेश की जनता को समर्पित किया जायेगा।



## सड़क निर्माण कार्य में फिर विवाद

**मुंबई हलचल/ संवाददाता**

**देहरादून।** कारकी ग्रांट में विजलेंस ऑफिस के नजदीक हरिद्वार बाईपास से सचिवालय आवास कॉलोनी तक एम डी डी ए द्वारा करे जा रहे सड़क निर्माण कार्य में फिर विवाद पैदा हुआ सड़क के काम को अवैध बताते हुए स्थानीय लोगों ने काम करने आये ठेकेदार के लोगो का घेराव कर दिया और समान से भरे डम्परों को रोक लिया जिसके बाद वहां एमडीडीए से तो कोई नही आया पर निजी कॉलोनी बना रहे सचिवालय आवास समिति के लोग जो सड़क बनाने के पक्षधर हैं वहां पहुंच गए और देखते ही देखते माहौल गर्म होगया जिसकी सूचना मिलने पर पटेल नगर पुलिस मौके पर पहुंची। स्थानीय लोगो की मांग है जब माननीय उच्च न्यायालय ने 1.5 है। का कब्रिस्तान मानकर सीमांकन के लिए निर्देशित किया है तो पहले एमडीडीए सीमांकन करवाये तब सड़क का काम शुरू करें। एमडीडीए पर सड़क के काम के लिए भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए मुस्लिम बस्ती के लोगो ने प्राधिकरण के खिलाफ नारेबाजी करी और सचिवालय समिती से आये प्रदीप पपने लोगो के सवालों का जवाब नही दे सके और मौके से नदारद हो लिए। कार्यक्रम में मुख्य शिकायत कर्ता इस्लाम, गुलिस्ता खानम, इनाम, आफताब, नाजिया, शहजादी, किश्वर,सोनू, आसिफ, सावेज, जिशान्द, तबसुल, दिलशाद, शमशाद,नफिज,जाबीर आदि तमाम करगी ग्रांट मुस्लिम बस्ती के लोग मौजूद थे।



## गणतंत्र दिवस पर शराब की दुकानें और कैंटीन बंद रखने के आदेश

**मुंबई हलचल/ वैभव पेटवाल**

**देहरादून।** देहरादून जिलाधिकारी सोनिका ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर 26 जनवरी को जनपद के समस्त देशी/विदेशी मदिरा की दुकान एवं कैन्टीन आदि के सभी अनुज्ञापियों को अपने अनुज्ञापनों को पूर्णतया बन्द रखने के आदेश दिए गए हैं। जिलाधिकारी ने समस्त उप जिलाधिकारियों एवं पुलिस क्षेत्राधिकारियों/थानाध्यक्षों को अपने-2 क्षेत्रों में आदेशों का अनुपालन करवाने सहित जिला आबकारी अधिकारी को जनपद में आदेश का प्रभावी अनुपालन कराने के साथ ही समस्त आबकारी निरीक्षकों को अपने-2 क्षेत्रान्तर्गत सभी आबकारी अनुज्ञापनों को 26 जनवरी को पूर्णतया बन्द (सील) रखने के निर्देश दिए।

## नैनीताल से हल्द्वानी के गौलापार शिफ्ट होगा हाईकोर्ट, आस-पास की भूमि खरीदने-बेचने पर रोक

**मुंबई हलचल/ वैभव पेटवाल**

**नैनिताल।** नैनीताल शहर की भौगोलिक परिस्थितियां अनुकूल न होने और शहर पर बढ़ते दबाव के चलते सरकार ने हाईकोर्ट को गौलापार क्षेत्र की हेक्टेयर भूमि पर स्थापित करने का फैसला किया है। नैनीताल से हल्द्वानी गौलापार जिस स्थान पर हाईकोर्ट शिफ्ट होने जा रहा है, उसके आसपास की भूमि खरीदने और बेचने पर रोक रहेगी। नियोजित विकास के लिए प्रदेश मंत्रिमंडल ने वहां फ्रीज जोन घोषित करने का निर्णय लिया। महायोजना बनने तक यह रोक रहेगी। महायोजना एक साल में बनकर तैयार हो जाएगी। नैनीताल शहर की भौगोलिक परिस्थितियां अनुकूल न होने और शहर पर बढ़ते दबाव के चलते सरकार ने हाईकोर्ट को गौलापार क्षेत्र की हेक्टेयर भूमि पर स्थापित करने का फैसला किया है। मुख्य सचिव डॉ. एसएस संधु ने बताया कि हाईकोर्ट के लिए वन भूमि की मंजूरी की प्रक्रिया गतिमान है। चूंकि उस क्षेत्र में विकास गतिविधियों जोर पकड़ेंगी, इसलिए नियोजित ढंग से विकास के लिए महायोजना तैयार होगी। इसलिए कैबिनेट ने महायोजना बनने तक फ्रीज जोन घोषित करने का निर्णय लिया है।



दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# ये हैं केसर के बेमिसाल फायदे, आप भी करें ट्राई



केसर में विटामिन ए, फोलिक एसिड, तांबा, पोटेशियम, कैल्शियम, मैंगनीज, लोहा, सेलेनियम, जिंक, मैग्नीशियम और अन्य कई पोषक तत्व पाए जाते हैं। इसके अलावा लाइकोपिन, अल्फा कैटरिन, बीटा कैरोटिन के गुण भी इसमें मौजूद होते हैं जो शरीर को बहुत सी बीमारियों से बचाते हैं। केसर स्वास्थ को ठीक रखने के साथ ही सुंदरता को भी बढ़ाता है। केसर का उपयोग कई तरह के पकवाने में रंग और खुशबू को बढ़ाने के लिए किया जाता है। इसकी तासीर गर्म होती है इसलिए इसका सेवन सर्दी के मौसम में करना बेहतर है। आज हम आपको केसर के कुछ ऐसे फायदों के बारे में बताएंगे जिनके बारे में आप शायद ही जानते होगे। तो चलिए जानते है केसर के अन्य फायदे ।

**1. बुखार को दूर करना**

केसर बुखार, सर्दी, जुकाम को दूर करने में सहायक है। एक गिलास दूध में चुटकी भर केसर और शहद मिलाकर पीएं। इसके अलावा आप केसर में पानी डालकर उसका पेस्ट बनाएं। इस पेस्ट को गर्दन, छाती पर लगाने से सर्दियों में होने वाली बीमारियों से राहत मिलती है।

**2. सिर दर्द करें ठीक**

केसर के साथ चंदन को मिलाकर माथे पर लगाने से आखें, दिमाग को ऊजा पहुंचाती है। इस पेस्ट के इस्तेमाल से सिर दर्द से राहत मिलती है।

**3. चेहरे की खूबसूरती बढ़ाएं**

केसर में चंदन और दूध मिलाकर फेस पैक तैयार करें। पैक को 20 मिनट के लगाने के बाद गुनगुने पानी से धो लें। हफ्ते में 1-2 बार लगाने से चेहरे की रंग में फर्क दिखाई देन लगेगा।

**4. उम्र बढ़ने से रोकना**

इसमें एंटी- ऑक्सीडेंट पाया जाता है जो व्यक्ति की उम्र नहीं बढ़ने देता। कच्चे पपीते में चुटकी भर केसर मिलाकर लगाने से चेहरे को साफ, रोग मुक्त, सुंदर, मुलायम बनाए रखता है।

**5. डिप्रैशन से राहत**

जिन व्यक्तियों को डिप्रैशन की परेशानी है उनके लिए केसर बहुत मददगार है। केसर में ऐसे सेरोटिनन और कैमिकल होते हैं जो हमें कभी उदास नहीं होने देते। रोजाना केसर वाला दूध पीने से रंग साफ होने के साथ ही डिप्रेशन की समस्या भी खत्म होती है।

**6. आंखों की रोशनी तेज**

आजकल आंखों की रोशनी कम होने की समस्या बच्चों से लेकर बूढ़ों तक हर कोई परेशान है। इस समस्या से राहत पाने के लिए रोजाना केसर का सेवन करें।

**7. मासिक धर्म का दर्द से छुटकारा**

कुछ महिलाओं को मासिक धर्म के दौरान दर्द, चिडचिडापन, थकावट, सूजन, ऐंठन जैसी समस्याएं होती है। हर दिन केसर वाला दूध या चाय पीने से फायदा मिलता है।

**8. अस्थमा से बचाव**

सर्दियों के दिनो में अस्थमा की समस्या बहुत बढ़ जाती है। कुछ दिनों तक हर दिन 3-4 बार केसर वाली चाय पीने से अस्थमा की

# ऊनी कपड़ों से है एलर्जी तो करें ये काम



सर्दियों के मौसम में सर्द हवाओं से बचने के लिए गर्म ऊनी कपड़े पहनते हैं। ऊनी गर्म कपड़े सर्दी से तो बचाते ही हैं इसके साथ ही यह इस मौसम में स्टाइल स्टेटमेंट का भी खास हिस्सा माने जाते हैं। आप शॉल,जैकेट्स,स्वैटर,पोंचू आदि पहन कर भी फैशनेबल दिख सकते हैं लेकिन कई बार गर्म कपड़ों के फैब्रिक से एलर्जी कुछ लोगों को स्किन एलर्जी की परेशानी भी हो जाती है। ऐसी खासकर पश्मीना फैब्रिक से बने कपड़ों से यह समस्या ज्यादा होती है। इससे स्किन पर लालगी,खुजली या रैशेज हो सकते हैं। आप भी इससे परेशान हैं तो जानें किस तरह से करें इससे अपना बचाव।

**ऊन से एलर्जी की पहचान**

एलर्जी दो तरह की हो सकती है एक जिनकी स्किन सेंसिटिव होती है उन्हें और दूसरी जिनकी त्वचा शुष्क होती है। आप इससे अपना बचाव कर सकते हैं।

शरीर पर खारिश होना

लाल दाने होना

जलन होना आदि

ऐसे करें बचाव

**1. गुनगुने पानी से नहाएं**

ज्यादा गर्म पानी से नहा कर भी त्वचा में रूखापन आ जाता है। नहाने से पहले त्वचा पर ग्लिसरीन और गुलाब जल लगा कर गुनगुने पानी से नहाएं।

**2. जैतून तेल से मसाज**

त्वचा पर रूखापन न होने दें और क्रीम की जगह पर ऑलिव ऑयल से स्किन की पहचान करें।

**3. कॉटन के इनरवियर पहनें**

सर्दी से बचने के लिए ऊनी कपड़े पहनने बहुत जरूरी है लेकिन इनसे पहले कॉटन के इनरवियर पहनें। इससे ऊन स्किन पर टच नहीं करेगी। एलर्जी से भी बचाव रहेगा।

**4. एलर्जी को पहचाने**

पहले यह पहचानना बहुत जरूरी है कि आपको किस वुलेन फैब्रिक से एलर्जी है। वह फैब्रिक पहनने से परहेज करें। ज्यादातर लोगों के पशमीना पहनने से संक्रमण होता है।

**5. धूप लगाएं**

कपड़े बहुत समय से बंद करके रखे हैं तो इनको धूप जरूर लगवाएं। इससे एलर्जी होने का डर कम रहता है।

# शादी से पहले मेकअप ट्रायएल लेते समय इन बातों पर रखें खास ध्यान



सभी लड़कियां अपनी शादी के दिन सबसे खूबसूरत दिखना चाहती हैं। इसलिए वह अपने लिए सबसे बैस्ट लहंगा चुनती है और एक बार उसका ट्रायएल जरूर लेती है, ताकि शादी के दिन उसे किसी भी प्रकार की दिक्कत न हो। दुल्हन का सिर्फ लहंगा ही नहीं मेकअप भी अच्छा होना चाहिए, तभी परफैक्ट ब्राइड लगती है लेकिन शादी से पहले एक बार मेकअप ट्रायएल लेना भी जरूरी है। अगर आप सोच रही है ऐसा क्यों तो आज हम आपको बताएंगे कि क्यों शादी से पहले मेकअप ट्रायएल लेना ही बेहतर है।

शादी से पहले मेकअप ट्रायएल लेने से काफी फायदे होते है। एक तो आपका पता चल जाता है कि आपकी स्किन पर कौन से प्रॉडक्ट सूट करेंगे और दूसरा आपको इस बात का पता भी चल जाता है कि आपको उन प्रॉडक्ट्स के साथ कोई साइड-इफैक्ट तो नहीं होगा।

मेकप आर्टिस्ट के पास कई ऐसे प्रॉडक्ट्स हो सकते है, जिससे स्किन को एलर्जी हो सकती है, वहीं आपको शादी के दिन होने वाली हेयरस्टाइल के बारे में भी पता चल जाता है, जो आपके ब्राइड लुक को परफैक्ट बनाता है। इसलिए बेहतर है क अगर आपकी शादी होने जा रही है तो पहले ही एक बार मेकअप ट्रायएल ले लें, ताकि शादी के दिन किसी तरह की कोई परेशानी न खड़ी हो जाए।

मेकअप से पहले रखें इन बातों का ख्याल

- मेकअप, हमेशा क्लीन चेहरे पर करवाएं, तभी मेकअप आर्टिस्ट आपकी स्किन टोन और टेक्सचर को समझकर सही मेकअप कर पाएगा।
- अपनी वैडिंग आउटफिट् के हमेशा साथ लेकर जाए, ताकि मेकअप आर्टिस्ट लहंगे के कलर के अनुसार मेकअप कर सकें।
- अगर आपकी स्किन पर कोई प्रॉडक्ट्स सूट नहीं करता और आपको उससे एलर्जी होने का खतरा है तो मेकअप आर्टिस्ट को पहले ही बता दें।
- मेकअप ट्रायएल में अपने हेयरस्टाइल जरूर देंखे, ताकि आप शादी के दिन उसमें परफैक्ट दुल्हन दिख सकें।

ऊँची पतंग सी अपनी ऊँची उड़ान होंगी,
जब भी आसमान की और देखोगे तुम दोस्तों,
इस जहाँ में अपनी मंजिले तमाम होगी।

आपको और आपके पूरे परिवार को

# मकर संक्रांति

के पावन पर्व की शुभकामनाएं





## MR. DILSHAD S. KHAN

Editor Of Daily Newspaper 'Mumbai Halchal'

National Vice President, Maharashtra President and Incharge (ABPSS)